## खास-खबरें

### युवा पत्रकार रोमल का निधन

**गंजबासौदा।** नगर के प्रतिष्ठित भावसार परिवार के युवक रोमल भावसार 40 वर्षीय का निधन हो गया। वह न्यूज़ चैनल भोपाल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे शनिवार को भोपाल के निजी चिकित्सालय में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में रविवार को किया गया। जहाँ पर बड़ी तादाद में सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गोवंश को बचाने में पलटा कपड़ों से भरा ट्रक



**शाजापुर।** हाईवे पर बैठे आवारा मवेशी लगातार दुर्घटना का सबब बने हुए हैं, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों ने समस्या के समाधान को लेकर गंभीरता नही दिखाई है। नतीजतन हाईवे पर हादसों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। रविवार सुबह भी शाजापुर से सारंगपुर की ओर कपड़े लेकर जा रहा ट्रक गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा कर पलट गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को कोई चोंट नही आई। हालांकि ट्रक में नुकसान हुआ है।

### बिजली कर्मचारी संघ ने मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती



**शाजापुर।** मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ पश्चिम क्षेत्र के द्वारा महासंघ कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान भगवान की पूजा-अर्चना कर मंगलकामनाएं की गईं। इस अवसर पर हरीशचंद्र ठोमरे, पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अशोककुमार राठौर, चंद्रशेखर दावरे, जगदीश मीणा, महेंद्रसिंह दरबार, जगदीशप्रसाद निगम, संतोषराव, राहुल पाटीदार, नितिन शर्मा, प्रेम परमार, सुरेश वर्मा, नरेंद्र सोनी, गिरीश जोशी, महेंद्रसिंह राजपूत, संदीप गोस्वामी, राम प्रजापति, सुरेश दासानिया, राहुल वर्मा, प्रवीण हरवाल, हरीश वर्मा, विशाल नागर मौजूद थे।

### गुड्डू जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**शाजापुर।** इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड कमेटी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव के निर्देशानुसार प्रहलादसिंह टिपानिया, विधायक हुकुमसिंह कराड़ा, कुणाल चौधरी, योगेंद्रसिंह बंटी एवं रामवीरसिंह सिकवार की अनुशंसा पर शहर के गय्यूर खान उर्फ गुड्डू को कांग्रेस ब्रिगेड का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का मनाया गया जन्मदिन

**रायसेन।** जिले में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृतलाल मीणा जी का जन्मदिन जिले में मनाया गया ज्ञात हो कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूस्तम अवार्ड प्राप्त कर चुके है। और इनकी कार्यशैली के जिले में अधिकारी और जनता कायल है। 18 सितम्बर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृतलाल मीणा जी का जन्म दिन थाना कोतवाली में केक काटते हुए मनाया गया। इस अवसर पर एस.डी.ओ.पी.पुलिस अदिती भावसार थाना कोतवाली प्रभारी रायसेन आशीष सप्रे के अलावा पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी मोजूद होते हुए अपने अधिकारी का जन्मदिन मनाते हुए उनको शुभकामनाऐं और बधाई प्रदान की गई।



बेतवा तट पर रविवार को प्रतिमा का विसर्जन करते गणेश भक्त।

# एसएटीआई को मिला एक और सुनहरा अवसर एआईसीटीई आइडिया लेब शीघ्र होगी प्रारंभ

**विदिशा (निप्र)।**

**स्थानीय सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान (इंजी.कॉलेज) को एक और दुर्लभ सुनहरा उपलब्धि प्राप्त हुई है। संस्थान में एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा आइडिया लैब शीघ्र होने जा रही है।**

आविष्कार का मूल है विचार। विचार से ही जन्म होता है कर्म का एवं कर्म से कर्मशाला का इसी अवधारणा के साथ एआईसीटीई द्वारा मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वाशिंगटन की फैब लेब के अनुरूप भारत में आइडिया लेब की उद्घोषणा हुई है। आइडिया लेब की स्थापना आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को देखकर, देश के अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों, अभियंताओं, प्राध्यापकों तथा अभियांत्रिकी के क्षेत्र से जुड़े उद्योगों में एक ऐसी जागरूकता लेकर आएगी, जिससे एक साथ एक ही छत के नीचे ऐसे आविष्कारों का जन्म दिया जा सकेगा जो देश एवं समाज के उत्थान के लिए आवष्यक है। अभियांत्रिकी की वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखकर एआईसीटीई द्वारा एसटीईएम की संकल्पना के साथ, जो कि साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एवं मैथामेटिक्स के मूलभूत सिद्धांतों को युवा छात्रों को सरलतम तरीके से आत्मसात करवाने की भावना से भारत में 49 केन्द्रों को आइडिया लेब देने जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा नेशनल एज्यूकेशन पॉलिसी 2020 की घोषणा के समय जो 5ई (एगेंज, एक्सप्लोर, एक्सपीरियंस, एक्सप्रेस एवं एक्सेल) का मंत्र दिया गया है, आइडिया लेब इसी विचार को धरातल पर रेखांकित करेगा। आज के परिवेश में जब नवीन अनुसंधान ही किसी भी देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती देने का कार्य करेगें, ऐसे में एआईसीटीई आइडिया लेब ही एक ऐसा कदम होगा जो अभियांत्रिकी की समस्त विधाओं को एक साथ लेकर प्रोडक्ट डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट के क्षेत्र में कार्य करेगा।

# आयकर विभाग द्वारा पौधारोपण




**शाजापुर।** आजादी की 75 वी वर्षघाट को आयकर विभाग आजादी का अमृत महाउत्सव के रूप में मना रहा है इसी के अंतर्गत प्रदूषण से आजादी कार्यकम के अंतर्गत जिला आयकर अधिकारी पीसी देपन की अगुवाई में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (हिल्स)ठुकराना में विशाल पौधों की श्रखला रोपी गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा अम्बाराम कराड़ा, जिला महामंत्री दिनेश शर्मा,वरिष्ठ व्यपारी माणक चंद बोथरा,जिला व्यपारी संघ अध्यक्ष किरण ठाकुर,जिला मीडिया प्रभारी चिंटू सक्सेना, जिला अध्यक्ष कर सलाहकार संघ केके नेमा,नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौर,मुकेश भुभन्ता, डॉ अशोक नेमा,संजय जैन,सचिन जैन,सतीश राठोर,शुभम ठाकुर,आयकर कर्मी ललित सोनी,अभिषेक पांचाल सहित गणमान्य नागरिको ने कार्यक्रम में भागीदारी दी ।आभार आयकर निरीक्षक संतोष कुमार ने माना।

# अलगे बरस तू जल्दी आ के नारे से विदा किए गए बप्पा दस दिवसीय गणेशोत्सव का हुआ समापन

**शाजापुर।**

**गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ...के नारे के साथ रविवार को मंगलमूर्ति श्रीगणेश को विदा किया गया। सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों के द्वारा पंडालों और श्रद्धालुओं द्वारा घरों में स्थापित की गई मंगलमूर्ति की प्रतिमाओं का अनंत चतुर्थी पर विसर्जन किया गया।**



वहीं इस वर्ष कोरोना संक्रमण के चलते प्रशासन ने आजाद चौक, महूपुरा चौराहा और बस स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में पाइंट लगाकर गणेश प्रतिमाओं को एकत्रित किया और बाद में सभी प्रतिमाओं का करेड़ी लखुंदर नदी जादमी बैराज में विसर्जन किया गया। गौरतलब है कि घरों और चौराहों पर विराजित भगवान लंबोदर 10 दिनों से भक्तों पर अपनी कृपा बरसा रहे थे, जिन्हे चर्तुदशी के दिन विधि-विधान के साथ विदाई दी गई और इसीके साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन भी हो गया। कोरोना महामारी के चलते इस वर्ष सामूहिक रूप से गणेश विसर्जन के जुलूस पर प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिमा विर्सजन के लिए दस सदस्यों की अनुमति दी गई। वहीं घरों में विराजित मूर्तियों के विसर्जन के लिए प्रशासन ने महूपुरा, आजाद चौक, बस स्टैंड क्षेत्र में मूर्ति संग्रहण स्थल बनाया और मूर्तियों को संग्रहित कर जादमी बैराज में विसर्जित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर मंगलकामनाएं की।

### योगा कक्षाएं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई प्रारंभ

**रायसेन।** मध्यप्रदेश शासन और स्कूली शिक्षा विभाग के आदेशों का पालन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एम.एल.राठौरिया द्वारा जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग क्लब का गठन करने के बाद योगा कक्षाओं का प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें योग का प्रभारी के रूप में श्रीमति रूपाली जाधव और अभिषेक अग्नि होत्री को उक्त जिम्मेदारी सोंपी गई है। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को योगा के विभिन्न आसनों प्रणायाम और साथ ही निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इस योगा प्रशिक्षण का निरीक्षण संस्था प्रभारी कमलेश नरवर है और जिला आयोग प्रभारी मनोहर सिंह राजपूत द्वारा अबलोकन भी किया गया है। जिसमें छात्राओं को प्रतिदिन योगा का अभ्यास कराया जा रहा है। जिससे छात्राऐं योगा के माध्यम से निरोगी होने के लिए योगा का प्रशिक्षण प्रतिदिन लेने से पीछे नहीं रहती।

### कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने नगर में की पैदल यात्रा

**रायसेन।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल जिले में कानून व्यवस्था को बनाये रखने और जिले में शांतिपूर्ण बातावरण बना रहे जिसके लिए आज जिला मुख्यालय पर पैदल यात्रा करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों का निरीक्षण करते हुए थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण भी किया गया जिला पुलिस अधीक्षक के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृतलाल मीणा एस.डी.ओ.पी.अदिती भावसार नगर कोतवाल आशीष सप्रे सहित पुलिस के अधिकारी और जवान उनके साथ रहे।

### जन सुनवाई कार्यक्रम 21 सितम्बर से पुनः प्रारंभ किया जाएगा

**रायसेन।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल से उपसचिव गिरीश शर्मा द्वारा प्रदेश के समस्त अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव के अलावा समस्त विभागाध्यक्ष समस्त संभागायुक्त एवं कलेक्टरों को 17 सितम्बर को पत्र जारी करते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार जनशुनवाई कार्यक्रम को पुन:21 सितम्बर से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें कोविड -19 के प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन करने के साथ जनसुनवाई जिला मुख्यालय पर कलेक्टर की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी क्योंकि जिले में जनता की मूलभूत सुबिधाओं की समस्याओं बिजली समस्याओं बी.पी.एल.राशन कार्ड में नाम जोड़ने और काटने की शिकायतों के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना और पटटों की समस्याओं को लेकर जनता खासी परेशान होते हुए इन समस्याओं की सुनवाई करे कोंन परन्तु अब उपसचिव के आदेशों के बाद 21 सितम्बर से जिला मुख्यालय पर नवागत कलेक्टर की उपस्थिति में जनसुनवाई कार्यक्रम प्रति मंगलवार 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जायेगी।

# प्रेमिका ने दोस्तों के साथ लूट और अड़ीबाजी की घटना को दिया अंजाम, पुलिस ने 12 घंटे में पकड़ा

**सीहोर।**

**रविवार को पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन बड़े खुलासे किए हैं। जिसमें प्रेमिका व दोस्तों ने मिलकर एक लूट और अड़ीबाजी की घटना को अंजाम दिया था।**



पुलिस ने उक्त मामले में सक्रियता दिखाते हुए मात्र 12 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह दूसरे मामले में पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले को गिरफ्तार कर 100 सेटिंग व मोटर जब्त की है। इसके अलावा तीसरे मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 26 डंपर की बेट्री और 1 ऑटो बरामद किया है। 15 सितंबर को उज्जैन निवासी फरियादी अरूण कुमार को सीहोर बुलाकर उसके साथ काम करने वाले पूर्व कर्मचारी ने अपनी प्रेमिका व दो दोस्तों व प्रेमिका के दूर के भाई के साथ मिलकर गर्लफ्रेड के साथ पकड़ा। फरियादी के साथ फोटो खीचे व फरियादी को बलात्कार, फोटा वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग कर ब्लेकमेल किया। फरियादी ने डर के मारे 50000 रुपए फोन-पे कराए। वहीं आरोपियों ने पर्स में रखे पांच हजार रुपए व दस्तावेज छीन लिए। रिपोर्ट थाना मंडी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार एएसपी समीर यादव, सीएसपी अर्चना अहिर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मंडी उनि. अर्जुन जायसवाल की टीम ने मामले में 5 आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से एक एक्टिवा गाड़ी, चाकू, मोबाइल व नकदी 32000 रुपए जब्त किए गए हैं। एसपी ने टीम को 5000 रुपए इनाम की घोषणा की है। फरियादी अरूण कुमार सेटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड माइक्रो फायनेंस कंपनी में 2017 से उज्जैन में रिजनल मैनेजर के पद पर कार्यरत था। फरियादी के अधीन चाचाखेडी आष्टा निवासी आरोपी कलेक्शन और लोन वितरण का काम करता था। आरोपी ने वर्ष 2017 में कंपनी के सदस्यों का 360000 रुपए फर्जी तरीके से निकाल लिया था। जिस पर फरियादी ने आरोपी के विरूद्ध थाना सिविल लाइन देवास में धारा 420 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कराया था। जिसमें आरोपी 13 माह जेल में रहा था। इसी कारण आरोपी फरियादी से रंजिश रखता था।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान बेतवा तट पर लगा जाम

**गंजबासौदा।** नगर में गणपति उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। रविवार को बेतवा नदी के तट पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। पूर्व से बनाए गए कुंड में भक्तजनों ने पूजन अर्चन के बाद छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस मार्ग पर दोनों और लंबा जाम काफी देर तक लगा रहा बेतवा नदी में बड़ी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन होता रहा। वहीं आकार में छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन घाट पर बने कुंड में किया जाता रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल वहां पर तैनात था। प्रशासन ने गोताखोर आदि की भी मुकम्मल व्यवस्था की थी। मूर्तियों का विसर्जन दिनभर चलता रहा, शाम के वक्त संख्या में शनै शनै बढ़ोतरी होती रही। एसडीएम रोशन राय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भारत भूषण शर्मा, तहसीलदार यशवर्धन सिंह, दौजी राम, नगर पालिका सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर, नगर निरीक्षक सुमी देसाई, देहात टीआई महेंद्र शाक्य, नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा सहित राजस्व एवं नगरपालिका के फील्ड कर्मचारी वहाँ पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। मूर्तियों का विसर्जन यहाँ से 5 किलोमीटर दूर ककरावदा नदी में भी बासौदा के श्रद्धालुओं ने जाकर किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी है पर्व बड़ी उमंग से मनाया जाता है और नदी किनारे के ग्रामीण जन मूर्तियों का विसर्जन नदियों में ही करते हैं। झांकियों को प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप रखा गया था झांकियों की प्रतिमाओं को वाहनों में रखकर भक्तजन जयकारे लगाते हुए बेतवा नदी मे विसर्जन करने ले गए।



# महिलाओं को सिखाए कुपोषण दूर करने के नुस्खे, सुकन्या योजना के खाते खुलवाए

**शाजापुर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केंद्र झिरिपुरा में रविवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री नीलम चौहान ने बालिका शिक्षा और सुरक्षा पर चर्चा की। वहीं पर्यवेक्षक दीपशिखा निगम, प्रीति गुप्ता द्वारा महिलाओं को पोषण संबंधित जानकारी देते हुए दैनिक आहार में विविध भोज्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई। साथ ही टीएचआर से बनाए जाने वाले अलग-अलग व्यंजनों के बारे में बताया गया, ताकि कुपोषण को दूर करने में सहायता मिले और बच्चों को रुचि अनुसार विविधता पूर्ण भोजन मिल सके। कार्यक्रम में वर्षाकाल में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। इस मौके पर सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में समझाया और जिन बालिकाओं के खाते इस योजना अंतर्गत खोले गए थे उन बालिकाओं को पासबुक वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कोमल ठाकुर, हवाबाई, जयकुंवर, हंसा, रेखा, भावना, सहायिका सुमन, रीना, सरिता, रजनी, अजोध्या आदि महिलाएं उपस्थित थीं।



### विकास खण्ड प्रबंधक की शिकायत समूह की सदस्यों द्वारा पहॅुची गृहमंत्री तक

**रायसेन।** प्रदेश में एक और जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समूहो को सशक्त करने के उददेश्य से प्रदेश में समूहो की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उददेश्य से राशन दुकानों का संचालन भी महिला समूहों को देने की तैयारियों में लगे हुए है वहीं रायसेन जिले का राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन लगातार विवादों में होता हुआ नजर आ रहा है। जिले के अधिकारी एम राजा की विकास खण्ड प्रबंधकों पर लगातार ढीली पकड़ के कारण यह विकास खण्ड के प्रबंधक निरंकुश होते चले जा रहे है। जिनकी कार्यशैली को लेकर बाड़ी विकास खण्ड की महिला सदस्यों द्वारा इसकी शिकायत जिला कलेक्टर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से करने के बाद जब कार्यवाही न होने पर इन महिलाओं द्वारा प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से भोपाल उनके निवास पर पहॅुचकर की गई और भारकच्छ थाने में भी विकास खण्ड प्रबंधक सचिन साहू की शिकायत की गई है। जानकारी के अनुसार विकास खण्ड बाड़ी में पदस्थ विकास खण्ड प्रबंधक सचिन साहू के द्वारा महिला सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित भी किया गया।

# भाजपा के खिलाफ किसान क्रांति पद यात्रा मुख्यतार नगर से खंडवा पहुंची, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**सीहोर।**



प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलवीर तोमर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शमीम अहमद पूर्व नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रामप्रकाश चौधरी प्रदेश यूथ कांग्रेस सचिव राजीव गुजराती के द्वारा निकाली जा रही किसान क्रांति पद यात्रा मुख्यतार नगर से अनेक गांवों से होती हुई खडवां पहुंची यात्रा का यह पर जगह जगह अनेक गावों के किसानों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत के साथ ग्रामीण जनों ने चाय एवं खाने की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर यात्रा प्रमुख शमीम अहमद, रामप्रकाश चौधरी ने बताया की केंद्र सरकार छोटे किसानों व व्यापारियों को खत्म करना चाहती है कहा की केंद्र व प्रदेश सरकार कृषि का काला कानून लागू कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा चाहती है अन्नदाता कई दिनों से पूरे भारत के अलग अलग राज्यों के साथ दिल्ली में आंदोलन कर रहे है। लेकिन अंहकारी सरकार गंभीर नहीं है वह तो सिर्फ छोटे किसानों व व्यापारियों को खत्म करना चाहती है उन्हे सिर्फ बंदुआ मजदूर बनाना चाहती है। अन्नदाता व उनका परिवार भूख से मर रहा है विभिन्न वक्ताओं के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लागू किए गए कृषि बिल को लेकर किसानों के साथ किए जा रहे अत्याचार महंगाई व विभिन्न मुददों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस पद यात्रा में प्रमुख रूप से सेवादल जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र खंगराले,डॉ अनीस खान, पवन राठौर, सत्यानारायण भाटी, ब्रजेश पटेल, दिनेश भैरवे, महफूज बंटी, शमशुददीन खान, राम सिंह गौर, करण सिंह वर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।